गुरुवार

18 मई, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक




नामांकन के अंतिम दिन तीन पदों के लिए 51 उम्मीद्वारों ने भरा नामांकन का पर्चा 4

## पटना में बाबा बागेश्वर के पोस्टर पर पोती कालिख, लिखा 420

- ओछी हरकत किसने की है इस बारे में अभी पता नहीं चल पाया है
- बाबा के समर्थकों ने लगाया आरोप, तेजप्रताप ने पोस्टरों पर पोती कालिख




**केटी न्यूज/पटना**

बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री के बिहार के नौबतपुर में आयोजित हनुमंत कथा का बुधवार को आखिरी दिन रहा। यहां 13 मई से 17 मई तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। वैसे तो बाबा के कार्यक्रम को शुरू से ही भक्तों की भीड़ देखने को मिल रही है, लेकिन पटना के डाक बंगला चौराहे पर बाबा बागेश्वर के पोस्टरों से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। यहां बाबा बागेश्वर के पोस्टर पर कालिख पोत 420 लिख दिया गया। हालांकि यह हरकत किसने की है इस बारे में अभी पता नहीं चल पाया है। वहीं बाबा के समर्थकों ने आरोप लगाया है कि तेजप्रताप ने बाबा के पोस्टरों पर कालिख पोत दी है। उन्होंने कहा कि तेज प्रताप को चुनौती देते हैं, हिम्मत है तो यहां आ जाओ। सबक सिखा देंगे। हिन्दू राष्ट्र भारत बनेगा। बिहार से एलान होगा। इसके पहले तेज प्रताप यादव ने कहा था कि बिहार में बाबा आए और कर्नाटक में बीजेपी चुनाव हार गई। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लोग बाबा के नाम पर पॉलिटिक्स कर रहे हैं। तेज प्रताप यादव ने आगे कहा कि बाबा धीरेंद्र शास्त्री, आरएसएस और बजरंग दल देश तोड़ने का काम कर रहे हैं। यह लोग हम लोग को गाली देते हैं।

**भाजपा नाराज:** धीरेंद्र शास्त्री के पोस्टर पर कालिख पोतने और फाड़े जाने पर नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि जो विकृत मानसिकता के लोग होते हैं ऐसे ही काम करते हैं। तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले वोट बैंक की राजनीति करने वाले लोग ही ऐसे काम करवाते हैं. इतनी अगर हिम्मत है तो वह सामने पोस्टर फाड़ें।

### हनुमंत कथा का समापन, बागेश्वर धाम रवाना हुए धीरेंद्र शास्त्री

पटना से सटे नौबतपुर के तरेत पाली में आयोजित पांच दिवसीय हनुमंत कथा का बुधवार को समापन हो गया। बुधवार को अंतिम दिन की कथा के बाद पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर धाम के लिए रवाना हो गए। बिहार से जाते-जाते धीरेंद्र शास्त्री पटना एयरपोर्ट पर अपना अनुभव भी बता गए। साथ ही हिंदू राष्ट्र को लेकर भी बड़ी बात कही। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मीडिया से बातचीत में इस पांच दिन के अनुभव को शेयर करते हुए कहा कि बिहार बहुत अच्छा है। अद्भुत लगा। बहुत प्यारा। बागेश्वर सरकार ने लोगों से कहा कि राम राज्य और हिंदू राष्ट्र की ओर बढ़ें। सब भक्ति करें। एकता के साथ रहें। बाबा बागेश्वर जैसे ही पटना एयरपोर्ट पहुंचे तो देखने वालों की भीड़ लग गई। किसी तरह सिक्योरिटी ने मोर्चा संभाला और उन्हें हवाई अड्डा के अंदर प्रवेश कराया।

## सुपौल में कोयला कारोबारी के मुंशी से 10 लाख रु. की लूट

**एजेंसी/सुपौल**

बिहार में अपराधी बेलगाम हो गये हैं और एक के बाद एक अपराध की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला सुपौल का है जहां अपराधियों ने कोयला कारोबारी को अपना शिकार बनाया है। कोयला कारोबारी से 10 लाख रुपये लूटकर अपराधी हथियार लहराते फरार हो गये। घटना सुपौल के पीपरा स्थित बसहा का है जहां बाइक सवार 3 अपराधियों ने लूट की इस बड़ी घटना को अंजाम दिया। बताया जाता है कि कोयला कारोबारी कई जगहों से अपने बकाये पैसे वसूल कर लौट रहे थे तभी तीन हथियारबंद अपराधियों ने उन्हें घेर लिया और पिस्टल के बल पर पास रखे 10 लाख रुपए लूट लिया और हथियार लहराते मौके से फरार हो गये। कोयला कारोबारी छपरा के रहने वाले हैं।

कोयला कारोबारी के मुंशी दीपक ने बताया कि वह त्रिमूर्ती कंपनी में काम करता है। जो इलाके के विभिन्न चिमनी मालिकों को कोयला की सप्लाई देता है। इसी दौरान वो पैसा वसूल करने मधेपुरा से पीपरा के बसहा पहुंचा था जहां उसने संतोष नाम के चिमनी मालिक से 9 लाख रुपये लिया और अन्य जगह से एक लाख रुपये लेकर जा रहा था। तभी बसहा के समीप अपराधियों ने उसकी बाइक को जबरन रोका और पिस्टल सटाकर 10 लाख रुपये लूट लिया।

### केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिये गए कई अहम फैसले

# 1.08 लाख करोड़ रु. की उर्वरक सब्सिडी को कैबिनेट ने दी मंजूरी

- आईटी हार्डवेयर क्षेत्र के लिए 17,000 करोड़ रुपये की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी
- प्रोत्साहन योजना से 2,430 करोड़ रुपये का निवेश आने की संभावना

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इस दौरान कई अहम फैसले किए गए। इस दौरान केंद्रीय कैबिनेट ने आईटी हार्डवेयर सेक्टर के लिए पीएलआई 2.0 योजना को मंजूरी दी है। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना 2.0 को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 17 हजार करोड़ रुपये के बजट के साथ आईटी हार्डवेयर सेक्टर के लिए इस पीएलआई 2.0 योजना को 6 वर्ष के लिए मंजूरी दी गई है। उन्होंने दावा किया कि इस नई प्रोत्साहन योजना को मंजूरी मिलने से आईटी हार्डवेयर सेक्टर में लगभग 3.35 लाख करोड़ रुपये के उत्पादन में बढ़ोतरी होने और लगभग 2,430 करोड़ रुपये का निवेश आने की संभावना है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ सत्र के लिए 1.08 लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ सत्र के लिए 1.08 लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी को भी मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और अश्विनी वैष्णव ने बैठक के दौरान लिए गए फैसलों के बारे में जानकारी दी। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण के क्षेत्र में इस साल 100 बिलियन डॉलर का उत्पादन देश में हुआ है। इसके साथ ही पिछले साल 11 बिलियन डॉलर के मोबाइल का रिकॉर्ड निर्यात किया गया।





### दावा... दो लाख से ज्यादा नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे

केंद्रीय मंत्री ने इंडियन ब्रांड्स को मजबूत करने की सरकार की मंशा का जिक्र करते हुए इससे सीधे तौर पर 75 हजार नए रोजगार के अवसर और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार के रोजगारों की संभावनाओं को मिलाने पर दो लाख से ज्यादा नए रोजगार के अवसर पैदा होने का दावा किया है।

**पीएलआई स्कीम को समझें:** आईटी हार्डवेयर सेक्टर के लिए इस नई पीएलआई स्कीम में लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पीसी, सर्वर और अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर डिवाइस शामिल हैं। भारत सभी वैश्विक बड़ी कंपनियों के लिए एक विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला भागीदार के रूप में उभर रहा है। बड़ी आईटी हार्डवेयर कंपनियों ने भारत में विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने में गहरी दिलचस्पी दिखाई है। यह देश के भीतर अच्छी मांग वाले मजबूत आईटी सेवा उद्योग द्वारा समर्थित है। अधिकांश बड़ी कंपनियां भारत में स्थित सुविधा से भारत के भीतर ही घरेलू बाजारों में आपूर्ति करना चाहती हैं और इसके साथ ही भारत को निर्यात का केंद्र भी बनाना चाहती हैं।

### भारत-मिस्र के प्रतिस्पर्धा नियामकों के बीच समझौते को मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) और मिस्र के प्रतिस्पर्धा प्राधिकरण के बीच के समझौते को मंजूरी दे दी। दोनों प्रतिस्पर्द्धा नियामकों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर का मकसद सूचना के आदान-प्रदान, बेहतर गतिविधियों को साझा करना है। इसके साथ ही क्षमता निर्माण के लिए विभिन्न पहल के जरिये प्रतिस्पर्धा कानून और नीतियों के मामले में सहयोग को बढ़ावा देना और उसे मजबूत करना भी है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग और इजिप्शियन कम्प्टीशन अथॉरिटी (ईसीए) के बीच समझौते को मंजूरी दी। इससे अंततः उपभोक्ताओं को बड़े पैमाने पर लाभ होगा और समावेश को बढ़ावा मिलेगा।

**नीति आयोग संचालन परिषद की बैठक 27 को:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीति आयोग की संचालन परिषद की 27 मई को होने वाली बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसमें अर्थव्यवस्था, कृषि और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की उम्मीद है।

### सत्यपाल मलिक के मीडिया सलाहकार के यहां सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के मीडिया सलाहकार रहे सुनक बाली के यहां बुधवार को सीबीआई ने छापेमारी की। ये छापेमारी सत्यपाल की शिकायत पर दर्ज इंश्योरेंस घोटाला मामले में हुई है। कुछ दिन पहले सीबीआई ने सत्यपाल मलिक के भी बयान दर्ज किये थे। यह मामला तब सामने आया था जब सत्यपाल मलिक ने दावा किया कि उन्हें 23 अगस्त, 2018 और 30 अक्टूबर, 2019 के बीच जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की गई थी।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी को जदयू ने भेजा कानूनी नोटिस

**पटना।** जदयू के मुंगेर जिलाध्यक्ष नचिकेता मंडल ने अपने वकील के माध्यम से बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी को कानून नोटिस भिजवाया है। इस नोटिस में सम्राट चौधरी पर झूठी बयानबाजी करने का आरोप लगाया गया है। नोटिस में सम्राट चौधरी पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने फर्जी साक्ष्य के आधार पर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन सिंह ललन सिंह की तरफ से आयोजित भोज कार्यक्रम को लेकर आरोप लगाए। नोटिस में कहा गया है कि अगर उस भोज में किसी तरह के कानून के उल्लंघन की बात आपके सामने आयी तो आपका ये संविधानिक दायित्व था कि आप उसकी जानकारी सक्षम अधिकारी को देते।

## सिद्धारमैया ही होंगे कर्नाटक के सीएम

**एजेंसी/बेंगलुरु**

चार दिनों के मंथन के बाद कांग्रेस ने कर्नाटक के सीएम का नाम फाइनल कर दिया। पार्टी ने एक बार फिर सिद्धारमैया के ऊपर भरोसा जताया है. सूत्रों के मुताबिक उनके नाम पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मुहर लगा दी है। कर्नाटक सीएम की रेस में सिद्धारमैया अपने प्रतिद्वंद्वी डीके शिवकुमार पर भारी पड़े। वह गुरुवार को शपथ ले सकते हैं। वहीं, डीके शिवकुमार के सरकार में शामिल होने पर सस्पेंस बना हुआ है। कर्नाटक में सीएम बनने की रेस में सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच कड़ा मुकाबला था लेकिन बाजी सिद्धारमैया के हाथ लगी।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 135 सीटों के साथ शानदार जीत दर्ज की थी। इसके बाद रविवार को बेंगलुरु में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई जिसमें एक प्रस्ताव पारित कर सीएम चुनने का अधिकार कांग्रेस अध्यक्ष को दिया गया। इस दौरान कांग्रेस के पर्यवेक्षकों ने विधायकों की राय जानी। इसके लिए गुप्त मतदान भी कराया गया। कहा जाता है कि सिद्धारमैया खुद भी गुप्त मतदान चाहते थे। अगले दिन सोमवार को कांग्रेस के तीनों पर्यवेक्षक दिल्ली पहुंचे और मल्लिकार्जुन खरगे से मिलकर उन्हें विधायकों की राय के बारे में बताया। सूत्रों के मुताबिक सिद्धारमैया के पक्ष में ज्यादा विधायकों का समर्थन था जो उनके दावे को ज्यादा मजबूत कर गया।



### सिद्धारमैया ने बीएससी के बाद की वकालत

राज्य के होने वाले सीएम सिद्धारमैया के एजुकेशन क्वालिफिकेशन की बात करें तो उन्होंने मैसूर यूनिवर्सिटी से पहले बीएससी में ग्रेजुएशन किया और इसके बाद उन्होंने वकालत का पेशा चुना। वहीं सिद्धारमैया के खिलाफ कुल 13 मामले दर्ज हैं।






### 2021 में काशी विश्वनाथ धाम के उद्घाटन के एक साल में करीब 7.35 करोड़ श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

# श्राइन बोर्ड करेगा श्री काशी विश्वनाथ धाम की व्यवस्था का अध्ययन

- बाबा विश्वनाथ धाम में अब श्रद्धालुओं के रहने के लिए की गई है लक्जरी व्यवस्था
- गेस्ट हाउस के एसी हॉल में 500 रुपये में मिल रहा बेड

**एजेंसी/वाराणसी**



प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट काशी विश्वनाथ कॉरिडोर को धरातल पर उतारने के बाद योगी सरकार की बनारस के विकास मॉडल की तारीफ पूरे देश भर में हो रही है। श्री काशी विश्वनाथ न्यास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील वर्मा ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ धाम की व्यवस्था देखने के लिए श्राइन बोर्ड के 4 सदस्य पहुंच रहे हैं। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के दर्शन का प्रबंध (भीड़ नियंत्रण), बाबा का भोग प्रसाद, अन्न क्षेत्र (निशुल्क भोजन), साफ सफाई, मानव संशाधन प्रबंधन, रेवेन्यू जनरेशन समते अन्य व्यवस्थाओं को देखने के लिए माता वैष्णो देवी के श्राइन बोर्ड का एक दल श्री काशी विश्वनाथ धाम आ रहा है। इस दल में 4 सदस्य हैं, जो 17 मई 2023 से 19 मई 2023 तक धाम की व्यवस्थाओं का अध्ययन करेंगे।

### 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का हुआ दान

2021 में काशी विश्वनाथ धाम के उद्घाटन के एक साल में करीब 7.35 करोड़ श्रद्धालुओं ने दर्शन किए और 100 करोड़ से ज्यादा का दान हुआ। महाकाल, महाराष्ट्र के बिट्ठल मंदिर, मथुरा वृन्दावन से भी लोग विश्वनाथ धाम की व्यवस्था को देखने के लिए आ चुके हैं। वहीं, बाबा विश्वनाथ धाम में सुविधाओं का विस्तार तेजी से हो रहा है. अब श्रद्धालुओं के रहने के लिए लक्जरी व्यवस्था की गई है. धाम में गेस्ट हाउस का संचालन शुरू हुआ है जिसमें एसी हॉल में महज 500 रुपये में बेड मिल रहा है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि गेस्ट हाउस में कुल 18 कमरे हैं। साथ ही डॉरमेट्री में 36 बेड की व्यवस्था है जिसका संचालन दिल्ली की एक निजी कंपनी के जरिए किया जा रहा है।

## खबरें फटाफट

### बुजुर्ग महिला की हादसे में मौत

**आरा।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर रोहतास के बिक्रमगंज बाजार स्थित शिव मंदिर के समीप बुधवार की दोपहर बेलगाम निजी स्कूल बस ने पूजा कर घर वापस लौट रही एक बुजुर्ग महिला को रौंद दिया। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी महिला की इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान मौत हो गयी। मृत महिला बिक्रमगंज निवासी स्व. नंद किशोर पांडेय की पत्नी मीराआसो देवी थी। हादसे को लेकर देर तक अफरातफरी मची रही। वहीं चालक बस लेकर फरार हो गया। महिला के पोते प्रतीक कुमार पांडेय ने बताया कि उनका बिक्रमगंज बाजार में मेन रोड पर घर है। उसकी दादी शव मंदिर में पूजा करने के बाद घर लौट रही थी, तभी निजी स्कूल वाहन ने उन्हें रौंद दिया। उसके स्थानीय लोगों की मदद से विक्रमगंज के एक निजी अस्पताल में ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया। बाद आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### बदमाशों ने यात्रियों के साथ की मारपीट

**जहानाबाद।** बुधवार के दिन पटना गया रेलखंड के मखदुमपुर स्टेशन पर अज्ञात बदमाशों ने ट्रेन से उतरने के दौरान कई यात्रियों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार प्रखंड के काफरपुर गांव निवासी अमिताभ चौहान अपने भाई एवं परिवार के सदस्यों के साथ गोरखपुर से ट्रेन पकड़कर मखदुमपुर आ रहा था। तभी मखदुमपुर स्टेशन पर उतरने के दौरान अज्ञात बदमाशों ने उनके एवं उनके परिवार के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित युवक अमिताभ ने बताया कि वे अपने भाई सत्येंद्र चौहान, राजा बाबू, डोमिनी देवी, सरिता देवी एवं संजना देवी के साथ गोरखपुर से मजदूरी कर अपने गांव काफरपुर आ रहे थे। तभी ट्रेन से मखदुमपुर स्टेशन पर उतरने के दौरान अज्ञात बदमाशों ने उनके एवं उनके परिवार के अन्य लोगों के साथ मारपीट की और सभी बदमाश भाग गए। घायल युवक ने बताया कि मारपीट करने वाले बदमाशों को वे नहीं पहचानते हैं।

# खुशखबरी: मातृ शिशु दर में कमी लाने में कारगर साबित होगा एमसीएच विंग

- अंतिम चरण में है 100 बेड के मातृ -शिशु स्वास्थ्य सेंटर का निर्माण
- हाईटेक प्रसव संबंधी सुविधाओं के साथ एसएनसीयू एवं एनआरसी

**केटी न्यूज/सासाराम**




सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिले इसके लिए कई कारगर कदम भी उठाए गए हैं। वही बिहार के कई जिला अस्पतालों में बेहतर सुविधा और अस्पताल को हाईटेक करने की कवायद शुरू हो गयी है। उन्हीं जिलों में से एक रोहतास जिला भी शामिल है, जहां सदर अस्पताल को हाईटेक करने का कार्य जोरों पर है। कोरोना काल के दौरान जिस संसाधनों की कमी से सरकारी अस्पताल को सामना करना पड़ा उसे तुरंत बेहतर करके संक्रमण से लड़ने के लिए तैयार किया गया। उसके बाद मातृ शिशु दर में कमी लाने को लेकर भी सरकार कई कारगर कदम उठा रही है। उन्ही में से एक सदर अस्पताल में एक 100 बेड़ों का मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (एमसीएच) सेंटर का स्थापना करना भी है। सासाराम सदर अस्पताल में निमार्णाधीन (एमसीएच) का कार्य अब अपने अंतिम चरण में है। जिले में 100 बेड का मातृ एवं शिशु अस्पताल का निर्माण हो जाने से संस्थागत प्रसव में सुधार तो आएगा ही साथ ही मातृ शिशु दर में भी कमी आएगी। क्योंकि इसी यूनिट में प्रसव से लेकर एसएनसीयू की व्यवस्था रहेगी। ऐसे में प्रसव के दौरान नवजातों को एसएनसीयू में भर्ती करने के गोल्डन टाइम से लाभ मिलेगा। यह एमसीएच विंग नवजात बच्चों के लिए जीवनरक्षक का कार्य करेगा।

**हाईटेक होंगे सभी बेड :** सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष में अपर्याप्त सुविधा होने की वजह से कई समस्याएं उत्पन होती है। बावजूद इसके प्रसव विभाग में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों की बदौलत बेहतर परिणाम देखने को मिलते हैं। वही इस यूनिट का संचालन होने के बाद आधुनिक सुविधाओं के साथ ही प्रसूता एवं नवजात को बेहतर सुविधा मिलेगी। बेहतर लेबर रूम के साथ साथ आईसीयू, प्रसूता वार्ड हाई टेक सुविधाओं से सुसज्जित होगा।

**एसएनसीयू व एनआरसी में बढ़ेगी बेड़ों की संख्या :** नवजात शिशु एवं अति गम्भीर कुपोषित बच्चों को नई जिंदगी देने वाला सदर अस्पताल का एसएनसीयू एवं एनआरसी को अब और बेहतर और हाई टेक किया जाएगा। सदर अस्पताल में बन रहे मातृ-शिशु स्वास्थ्य केंद्र में ही एसएनसीयू एवं एआरसी का बृहद और हाईटेक रूप में परिवर्तीत किया जाएगा। वर्तमान में सासाराम सदर अस्पताल स्थित एसएनसीयू में 20 बेडों की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें प्रतिदिन 7 से 8 बच्चे औसतन भर्ती होते हैं। एसएनसीयू के बेहतर परिणाम को देखते इसमें बेड़ों की संख्या तो बढ़ेगी ही साथ ही साथ अन्य सुविधाएं भी देखने को मिलेगी। जानकारी के अनुसार नए भवन में एसएनसीयू में बेडों की संख्या लगभग दुगनी की जाएगी। वही एनआरसी में वर्तमान में कुल 12 बेड है इसको भी बढ़ा कर 25 से 30 बेड किया जाएगा। एसएनसीयू और एनआरसी में और बेहतर होने से शिशु मृतु दर में कमी आएगी।

**जुलाई तक सेवा शुरू होने की संभावना:** रोहतास सिविल सर्जन डॉ के एन तिवारी ने बताया कि सरकारी स्वाथ्य सुविधा को लगातार बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। एमसीएच विंग खुलने से जिले में स्वास्थ्य सुविधा और बेहतर होगा। सिविल सर्जन ने बताया कि मातृ शिशु स्वास्थ सेंटर का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने को है। उम्मीद है कि जुलाई से भवन को जिला स्वस्थ्य समिति के हवाले कर दिया जाएगा। यदि निर्धारित समय से सारा काम पूर्ण हो गया तो जुलाई-अगस्त से नए भवन में सुविधा मिलना शुरू हो जाएगा।

## इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में गई अधेड़ की जान, महिला इलाजरत

# बखोरापुर से लौटने के दौरान हादसे में बाइक सवार जीजा की मौत, साली जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**





जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के समीप आरा-बड़हरा मुख्य मार्ग पर बुधवार की देरशाम सड़क दुर्घटना में बाइक सवार जीजा की मौत हो गई। इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि बाइक पर पीछे बैठी उनकी साली मामूली रूप से जख्मी हो गई। घटना को लेकर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव वार्ड नंबर तीन निवासी स्व. कन्हैया प्रसाद के 42 वर्षीय पुत्र संतोष प्रसाद और सुधीर प्रसाद हैं एवं वह गांव पर ही रह कर खेती किया करते थे। वहीं, जख्मी साली शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी स्व. राजू प्रसाद की 35 वर्षीया पत्नी रूपा देवी है।

मृतक के जीजा गुप्तेश्वर प्रसाद ने बताया कि बुधवार की शाम वह अपने साली रूपा देवी के साथ बाइक पर सवार होकर पूजा करने के लिए बखोरापुर मंदिर गए थे।

- स्थानीय लोगों ने दी परिजनों को को सूचना, बुलाया एंबुलेंस

जब वह वापस बखोरापुर से अपने गांव लौट रहे थे उसी दौरान दौलतपुर गांव के समीप उनका एक्सीडेंट हो गया। जिसमें बाइक पर पीछे बैठी उनकी साली रूपा देवी मामूली रूप से जख्मी हो गई। जबकि वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं, स्थानीय लोगों के ही द्वारा फोन पर सूचना पाकर परिजन भी आरा सदर अस्पताल पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। हालांकि परिजन पटना ले जाने के क्रम में उन्हें धरहरा स्थित निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन उनके शव हो वापस आरा सदर अस्पताल ले आए। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

**मृतक के घर में मचा कोहराम :** घटना की सूचना मिलते ही जमीरा पंचायत के पूर्व सरपंच लालजी प्रसाद एवं उनके पुत्र रवि प्रसाद आरा सदर अस्पताल पहुंचे और मृतकों के परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच बहन व एक भाई में छोटे थे एवं अपने मां-बाप के किलो के चिराग थे। मृतक के परिवार में मां सोनामती कुंवर,पत्नी मीना देवी व दो पुत्र निखिल कुमार, श्रीसंत कुमार एवं एक पुत्री संजना कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है घटी इस घटना के बाद मृतक की मां सोनामती कुंवर,पत्नी मीना देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### ट्रेन की चपेट में आने से दो की मौत

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर भोजपुर में अलग-अलग जगहों पर बुधवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गयी। इनमें एक मृतक की पहचान नहीं हो सकी की। घटना जमीरा और जगजीवन हॉल्ट के पास हुई है। रेल पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। जगजीवन हाल्ट के पास मृत युवक की पहचान उदवंतनगर थाना क्षेत्र के छोटा कल्याणपुर गांव निवासी स्व.भुटेली राम के 30 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार के रूप में की गयी है। वह आरा में प्राइवेट काम करता था। उसके परिजन रामजी राम ने बताया कि बुधवार की सुबह वह बधार में शौच करने के लिए गया था। शौच करने के बाद वह वापस घर लौट रहा था। उस क्रम में रेलवे ट्रैक पार करने दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गए। उससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इधर, जमीरा हाल्ट के बीच बुधवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। हालांकि उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

## एक नजर

### दुष्कर्म के बाद गला दबाकर महिला की हत्या

**आरा।** जिले के चांदी थाना क्षेत्र के जहनपुर गांव में एक महिला की हत्या करने के बाद शव दफना दिया गया। शव को गांव के टूटे पुल के पास नदी किनारे दफनाया गया था। मंगलवार की रात पुलिस द्वारा जमीन खोद कर निकाला गया गया। मृतका जहनपुर गांव निवासी शिव राम की 30 वर्षीया पत्नी झारफाटक देवी थी। उसकी गला दबाकर हत्या किये जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि हत्या किये जाने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस इस मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर हत्या का राज खोलने में जुटी है। इधर, घटना को लेकर गांव और आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मंगलवार की शाम गांव के कुछ लोग नदी किनारे गए टहलने गए थे। तब ग्रामीणों को जमीन में दबा महिला का एक हाथ दिखा। नजदीकी से देखने पर पता चला कि उसे दफनाना गया है। उसके बाद ग्रामीणों द्वारा तत्काल पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना मिलते ही चांदी थाना इंचार्ज सौरभ कुमार पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और जमीन खोद कर शव निकला गया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं छानबीन में जुटी पुलिस महिला की पहचान के बाद उसके घर पहुंची। तब उसके घर के सभी सदस्य फरार मिले। हालांकि पुलिस ने संदेह के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लिया है। इधर, पुलिस के अनुसार महिला की दो दिन पूर्व ही हत्या कर शव दफना दिये जाने की आशंका जताई जा रही है।



### सदर अस्पताल में 23 तक नि:शुल्क कैंप आयोजित

**जहानाबाद।** रक्त चाप दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने जीएनएम प्रशिक्षण संस्थान से प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने सदर अस्पताल 17 से 23 मई तक के लिए निःशुल्क कैम्प का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर आम जनों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्त चाप से ग्रसित रोगी ससमय अपना इलाज निःशुल्क सदर अस्पताल, जहानाबाद से प्राप्त करें एवं उक्त रक्त चाप को कन्ट्रोल करने में समाज को सहायता प्रदान करें। जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी के द्वारा उक्त रक्त चाप रोग तथा उसके बचाव के उपाय के बारे में विशेष जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर डॉ. सादा खातुन उसमानी, सिविल सर्जन, जहानाबाद, डॉ. अजय कुमार, कार्यकारी, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जहानाबाद, डॉ. अजय कुमार, गैर संचारी रोग पदाधिकारी, जहानाबाद डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जहानाबाद एवं प्रभारी प्राचार्य, जी.एन.एम. प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति, जहानाबाद तथा अस्पताल प्रबंधक, सदर अस्पताल, जहानाबाद एवं फाईलेरिया एण्ड लॉजिस्टिक कन्सलटेंट भी उपस्थित हुए।



### बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री किट का वितरण

**जहानाबाद।** टीम डॉक्टर अजय के तत्वाधान में आज जहानाबाद जिलांतर्गत रतनी फरीदपुर प्रखंड के पाण्डेय चक-बेलदारी बिगहा गांव में शिक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में टीम डॉ अजय के संस्थापक और बिहार के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ अजय कुमार यादव उपस्थित रहे। डॉ अजय कुमार के हाथों बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री किट का वितरण भी किया गया इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित जनमानस और बच्चों को संबोधित करते हुए डॉक्टर अजय ने जीवन में शिक्षा के महत्व और बेहतर स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया साथ ही उन्होंने जहानाबाद को बिहार का नंबर वन जिला बनाने का प्रण भी उपस्थित जनमानस के साथ लिया। कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया इस दौरान टीम डॉ अजय की तरफ से आशुतोष कुमार, इंजीनियर यशवंत जी और ग्रामीण राजकुमार, रंजीत कुमार, अखिलेश कुमार सहित दर्जनों ग्रामीणों ने जनमानस और बच्चों को संबोधित किया और शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम के समापन के बाद डॉ अजय द्वारा बच्चों के बीच मिठाई का वितरण किया गया।



### ज्यादा से ज्यादा पेड़ों को लगाने की जरूरत

**जहानाबाद।** सदर प्रखंड के बाजार टाली स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में नेहरू युवा केंद्र के द्वारा यूनिसेफ परियोजना अंतर्गत जलवायु परिवर्तन विषय पर जिला स्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी महेंद्र कुमार सिंह ने की, जबकि कार्यक्रम का उद्घाटन राजीव कुमार रंजन प्रधानाध्यापक उच्च माध्यमिक विद्यालय के द्वारा की गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जलवायु में परिवर्तन आज विश्व के पटल पर बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। जिसे आज हम सबको सोचने पर विवश कर दिया है। इसके उपाय स्वरूप ज्यादा से ज्यादा पेड़ों को लगाना है। निर्वाचन आइकन अमित कुमार ने उपस्थित प्रतिभागियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत करते हुए कहा कि आज हम तमाम युवाओं को इसके प्रति जागरूक होने की जरूरत है लोग अधिक से अधिक पेड़ तो लगाएं ही साथ ही साथ जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण इन सब के प्रति भी जिम्मेवार बनने की जरूरत है।

### कपड़े धोने गयी सात साल की बच्ची की नदी में डूबने मौत, मचा कोहराम

**केटी न्यूज/आरा**

- नदी में उपलाता शव देख चरवाहे ने परिजनों को दी जानकारी

जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के निर्मलनगर में बुधवार की दोपहर नदी में डूबने से एक स्कूली छात्रा की मौत हो गयी। कपड़ा धोने के चक्कर में वह नदी में गिर पड़ी और डूब गयी। मृत छात्रा निर्मलनगर निवासी मनोज कुमार की पुत्री अनीता कुमारी थी। वह दूसरी कक्षा की छात्र थी।

मनोज कुमार ने बताया कि दोपहर में परिवार के सभी सदस्य घर में थे। इसी बीच उनकी बेटी कपड़ा धोने गांव स्थित नदी के पास चली गयी। कपड़ा धोने के दौरान वह अचानक नदी में गिर पड़ी और डूब गयी। इसके बाद वहां मौजूद एक चरवाहे ने उसके शव को पानी में बहता देखा। उसके बाद उसने सूचना दी। तब वह घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से उसके शव को बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया गया। बताया जाता कि किशोरी दो भाई और दो बहन में बड़ी थी। उसके परिवार में मां कुसुम देवी, भाई सन्नी कुमार,आशीर्वाद कुमार और बहन संगीता कुमारी है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया।

# आठ लाख के सोने के गहनों के साथ युवक गिरफ्तार

**केटी न्यूज/रोहतास**





वाराणसी से अवैध ढंग से सोने के लेडीज लॉकिट लेकर बक्सर के रास्ते रोहतास जाने के दौरान एक युवक आरपीएफ विजिलेंस टीम और जीआरपी डीडीयू के हत्थे चढ़ गया। जीआरपी डीडीयू थाने के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेनों और प्लेटफार्म पर बढ़ती हुई चोरी और तस्करी की घटनाओं को लेकर आरपीएफ विजिलेंस व जीआरपी डीडीयू की टीम प्लेटफॉर्म और सकुर्लेटिंग एरिया में भ्रमणशील थी उसी दौरान प्लेटफार्म नंबर-1 के खान-पान कैंटीन के पास एक युवक संदिग्ध हालात में खड़ा नजर आया। विजिलेंस की टीम ने युवक से पूछताछ की तो युवक सख्ते में आ गया।

जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास के बैग से 59 अदद सोने का निर्मित लेडीज लॉकेट बरामद हुआ। जिसका कुल वजन 164 ग्राम और अनुमानित कीमत 8 लाख रुपये होगी। युवक से बरामद आभूषण का वैध कागज मांगा गया तो उसने नहीं दिखाया। पूछताछ में युवक अपना नाम अभिषेक कुमार पिता सुरेश प्रसाद बताया जो रोहतास जिला के नगर थाना क्षेत्र के वार्ड नं 32 मदार दरवाजा का निवासी है। उसने भारी मात्रा में सोने के आभूषण को लेकर बक्सर के रास्ते रोहतास ले जाने की बात कबूल किया। जिसे आवश्यक कार्रवाई के लिए वाराणसी से आयकर विभाग के अधिकारियों को बुलाकर बुधवार को बरामद माल सहित सुपुर्द कर दिया गया।

## 9 निक्षय मित्रों के सौजन्य से टीबी मरीजों को मिला पोषाहार, गोद लिए गए मरीजों के बीच हुआ पोषण सामग्री का वितरण

# जिम्मेदारी: 24 टीबी मरीजों के बीच बांटी गयी पोषण सामग्री

**केटी न्यूज/पटना**



जिला यक्ष्मा कार्यालय में बुधवार को गोद लिए गए 24 टीबी मरीजों को पोषण सामग्री वितरित की गयी। जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. कुमारी गायत्री सिंह ने गोद लिए गए टीबी मरीजों के बीच पोषण सामग्री वितरित की। डॉ. सिंह ने कहा कि टीबी मरीजों को रोग से जल्दी उबरने के लिए दवा के पूरे कोर्स के सेवन के साथ पौष्टिक आहार का सेवन भी आवश्यक होता है। इसके लिए टीबी मरीजों को अपने खान पान में पौष्टिक तत्वों को शामिल करना चाहिए। टीबी मरीजों को अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए दैनिक खानपान में मोटे अनाजों का प्रयोग ज्यादा करना चाहिए क्यूंकि वह पोषण से भरपूर होते हैं।

जिला यक्ष्मा कार्यालय परिसर में 9 निक्षय मित्रों यथा डॉ. कुमारी गायत्री सिंह, डॉ. रणवीर चौधरी, सेंथिल राधाकृष्णन, राजेश सिन्हा मंटू, पंकज कुमार, अनिल कुमार श्रीवास्तव, पूजा कुमारी प्रीति जोशी एवं डॉ. श्वेता सिंह द्वारा जिला के 24 टीबी मरीजों को निक्षय मित्र योजना के तहत गोद लिया गया है। आज सभी गोद लिए गयी मरीजों को पोषण सामग्री वितरित की गयी। इस अवसर पर निदेशक, टीबीडीसी डॉ. रेनू कुमारी सिंह, जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. कुमारी गायत्री सिंह, डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. आनंद कुमार सहित टीबी विभाग के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

**टीबी मरीजों को गोद लेना मेरी नैतिक जिम्मेदारी :** डॉ. कुमारी गायत्री सिंह ने कहा कि मैं जिला की संचारी रोग पदाधिकारी हूं और यह मेरी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि मैं निक्षय मित्र बन मरीजों को गोद लेकर उनके पोषण के जरूरतों का ध्यान रख सकूं। दवा के साथ पोषित शरीर ही टीबी से जंग जीत सकता है और मैं भविष्य में और टीबी मरीजों को गोद लेने की कोशिश करुंगी।

**पोषण सामग्री प्राप्त होने से खुशी का हुआ अहसास:** गोद ली गयी टीबी मरीज राधा कुमारी ने बताया कि उसे जांच से पता चला कि वह टीबी से ग्रसित है और उसने तत्काल जिला यक्ष्मा कार्यालय से मिली दवा का सेवन शुरू कर दिया था। राधा ने बताया कि उसे खुशी है कि कोई उसके पोषण का भी ध्यान रखेगा और वह जल्दी टीबी को मात देकर स्वस्थ हो जाएगी।

**टीबी मरीजों को गोद लेकर प्रस्तुत करें उदाहरण:** जिला संचारी रोग पदाधिकारी ने बताया कि निक्षय मित्र बनने के लिए लोगों से संपर्क किया जा रहा है। निक्षय मित्र बनने की इच्छा रखने वाले लोग जिला यक्ष्मा केंद्र या निक्षय मित्र के पोर्टल पर जा कर स्वयं अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। जिले में लोग निक्षय मित्र बनने के लिए आगे आ रहे हैं, लेकिन अभी और लोगों को आगे आने की जरूरत है। विदित हो कि योजना के तहत कोई भी स्वयंसेवी संस्था, राजनीतिक दल के लोग, गैर सरकारी संस्था के लोग या जनप्रतिनिधि तथा आमजन टीबी के मरीज को गोद ले सकते हैं। इस योजना के तहत छह महीना से लेकर 3 साल तक किसी भी ब्लॉक, वार्ड या जिले के टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें भोजन, पोषण एवं आजीविका के लिए जरूरी मदद उपलब्ध करा सकते हैं।

## खबरें फटाफट

### कट्टा लेकर नाच देखने आया युवक गिरफ्तार

**नावानगर।** बीती रात सिकरौल थाना क्षेत्र के तेतरहर गांव में नाच देखने कट्टा लेकर आए एक युवक को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान इटाढ़ी प्रखंड के बसाव कला गांव निवासी रतन पांडेय उर्फ पटल पांडेय के रूप में हुआ है। उसे गिरफ्तार करने के बाद पुलिस उसका अपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है। फिलवक्त युवक का अपराधिक हिस्ट्री नहीं मिला है। जानकारी के अनुसार बीती रात तेतरहर गांव में एक बारात आई थी। जिसमें युवक नाच देखने आया था। नाच के दौरान वह कट्टा लहरा अपना धौंस जमा रहा था। संयोग से किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। इसके बाद तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे कट्टे के साथ गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि हाल के दिनों में अनुमंडल क्षेत्र में हर्ष फायरिंग की दो घटनाएं हो चुकी है। जिसके बाद डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी सख्त हो गए है तथा शादी विवाह में हथियारों के प्रदर्शन पर रोक लगाने का निर्देश सभी थानाध्यक्षों को दिया है। यही कारण है कि ग्रामीणों की सूचना पर सिकरौल पुलिस तुरंत हरकत में आई तथा उक्त युवक को धर दबोचा।

### दुर्घटना में जख्मी युवक को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**चौगाई।** मुरार थाना क्षेत्र के एकराशी पुल पर एक बाइक सवार अनियंत्रित हो पुल के नीचे गिर गया। उसे गंभीर चोटें आई थी। इस दौरान किसी राहगीर ने जख्मी युवक के मोबाईल से ही 112 नंबर डायल कर पुलिस को इस घटना की सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 के चालक बिरेन्द्र प्रसाद व सिपाही विक्रम कुमार मौके पर पहुंचे तथा जख्मी युवक को राहगीरों की मदद से अपने वाहन में लाद चौगाई सीएचसी पहुंचाया तथा इलाज शुरू कराने की साथ ही परिजनों को इसकी जानकारी दी। जख्मी युवक की पहचान कोरानसराय थाना क्षेत्र के दखिनांव गांव निवासी स्व हरिहर राम के पुत्र दयाशंकर राम के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर चौगाईं सीएचसी पहुंचे परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाने वाली डायल 112 की टीम को धन्यवाद दिया।

# बगावत... सांसद अश्विनी चौबे के सभी कार्यक्रम का भाजपा कार्यकर्ता करेंगे बहिष्कार

- निष्ठावान कार्यकताओं व आम जनता की उपेक्षा का लगाया आरोप
- प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व को पत्र भेज 2024 में टिकट नहीं देने की करेंगे मांग

**केटी न्यूज/डुमरांव**



केन्द्रीय मंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे के खिलाफ पार्टी में बगावत के स्वर मुखर हो गए हैं। बुधवार को कोरानसराय में जिले के वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं ने एक बैठक कर उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मोर्चा खोलने वाले नेताओं में चार पूर्व जिलाध्यक्ष भी शामिल हैं। वहीं दर्जनों वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित थे। बैठक के दौरान स्थानीय सांसद पर कार्यकताओं व आम जनता के उपेक्षा का आरोप लगाए गए। इतना ही नहीं भाजपा कार्यकताओं ने जिला की नई कमेटि में राजद मानसिकता वाले लोगों को पदाधिकारी बनाए जाने का आरोप भी लगाया है। बैठक में प्रस्ताव पास किया गया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में अश्विनी चौबे को छोड़ किसी स्थानीय कार्यकर्ता को पार्टी का उम्मीदवार बनाया जाए। वहीं जिला कमेटि में राजद मानसिकता वाले जिन लोगों को पदाधिकारी बनाया गया है उन्हें अविलंब हटाया जाए।

बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष सच्चिदानंद भगत, माधुरी कुंवर, राणा प्रताप सिंह, प्रियव्रत सिंह के साथ ही वरिष्ठ नेता बलराम पांडेय, अशोक तिवारी, लक्ष्मण दूबे, दयाशंकर तिवारी, राजाराम पांडेय, विनोद राय, जितेन्द्र दूबे, अशोक लाल, हरेन्द्र ठाकुर, रामनारायण शर्मा, सुमित शर्मा, धनंजय राय, नंदलाल पंडित, अजय राय, संजय पांडेय, अशोक प्रधान, अगस्त उपाध्याय, चमचम पांडेय, सुरेश गुप्ता, सुमित गुप्ता, विनोद प्रसाद समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बोले भाजपा नेता... सांसद का सौतेला व्यवहार बर्दाश्त नहीं

कार्यकताओं ने तय किया कि जिले में भाजपा को चौपट करने वाले सांसद अश्विनी कुमार चौबे के सभी कार्यक्रम को कार्यकर्ता बहिष्कार करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि कार्यकताओं व आम जनता के साथ सांसद का सौतेला व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनके इस व्यवहार से जी जान लगाने वाले निष्ठावान कार्यकर्ता अपमानित महसूस कर रहे हैं। तय किया गया कि प्रदेश नेतृत्व व राष्ट्रीय नेतृत्व को पत्र लिख 2024 में अश्विनी चौबे को टिकट नहीं देने की मांग की जाएगी और पार्टी द्वारा उन्हें उम्मीदवार बनाए जाने पर खुलकर विरोध किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी राम, विनोद राय ने व संचालन नावानगर मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संतोष दूबे ने किया। संतोष दूबे ने कहा कि बहुत जल्द सांसद का चिट्ठा खोला जाएगा। कार्यकताओं के इस तेवर तथा पार्टी के अंदर बगावत से बक्सर सांसद की मुश्किलें बढ़ती तय है।

## बक्सर-भरौली के बीच बने नए पुल से व्यवसाय को मिलेगी गति, टोल प्लाजा भी शुरू

# गंगा नदी पर बने नए पुल का लोकार्पण भारी वाहनों के आवागमन की शुरुआत

- 12 मई 2014 से ही बक्सर भरौली को जोड़ने वाले पुल पर भारी वाहनों का परिचालन बंद था
- परिचालन बंद होने से बड़े वाहनों को ड्ढ़ से दो सौ किलोमीटर की अधिक दूरी तय करनी पड़ती थी

**केटी न्यूज/बक्सर**



लंबे इंतजार के बाद बिहार व यूपी को जोड़ने वाली नई गंगा सेतु का लोकार्पण बुधवार को किया गया। वहीं एनएच 922 पर भैसहा के पास बने टोल प्लाजा का उदघाटन भी किया गया। बक्सर व भरौली के बीच गंगा पर बने नये पुल तथा टोल प्लाजा का संयुक्त लोकापर्ण एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर शेखर सिंह ने किया। लोकार्पण के साथ ही नया पुल जनता को समर्पित कर दिया गया। इसके बाद इस पुल पर भारी वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है।

बता दें कि बक्सर भरौली को जोड़ने वाला वीर कुंवर सिंह सेतु जर्जर होने के कारण 12 मई 2014 को बक्सर जिला प्रशासन द्वारा पुल के दोनों तरफ लोहे की बैरिकेडिंग कर दिया गया तभी से भारी वाहनों का आवागमन बंद हो गया था। जिसके कारण बड़े वाहनों को डेढ़ से दो सौ किलोमीटर की अधिक दूरी तय करनी पड़ती थी। कोरोना काल से पहले ही इस पुल का निर्माण शुरू हो गया था। लेकिन कोरोना काल में पुल का निर्माण बंद हो गया। इसलिए पुल को चालू होने में विलम्ब हुआ। पुल बनाने वाली कंपनी एसपी सिंगला के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को पुल जनता को समर्पित कर दिया गया। पुल चालू होने के बाद पटना लखनऊ की दूरी कम समय में तय की जा सकेगी। पुल चालू होने के बाद बलिया से कोलकाता, रांची, धनबाद, पटना, बक्सर आदि जगहों के बसों का संचालन शुरू हो जाएगा। इससे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा तथा सब्जी की खेती करने वाले किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। अब भरौली गोलम्बर से फोरलेन सड़क 17.2 किलोमीटर करीमुद्दीनपुर के आगे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से जुड़ेगा इस सड़क का निर्माण भी जल्द ही शुरू हो जाएगा। सड़क निर्माण करने वाली कंपनी ने अपना प्लांट गोविन्दपुर में बैठाना शुरू कर दिया है।

**परिवहन व उद्योग को लगेगा पंखः** इस पुल के चालू होने के बाद बिहार और यूपी के बीच परिवहन व उद्योग धंधों को पंख लगेगा। सबसे अधिक फायदा लाल बालू के व्यवसाय को मिलेगा। इस पुल के चालू होने के बाद अब यूपी के व्यापारियों बक्सर गोलंबर के पास से महंगा बालू खरीदने की मजबूरी नहीं रह जाएगी। बल्कि बालू लदी ट्रकें अब यूपी तक चली जाएंगी। इसके अलावे बक्सर से बलिया व गाजीपुर के बीच भारी वाहनों का परिचालन भी बेरोकटोक हो सकेगा।



### बक्सर नंबर व आरसी पर बक्सर का पता वाले चार पहिया वाहनों का बनेगा 330 रु. का मासिक पास



भैसहा के पास बने टोल प्लाजा को भी शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही इस टोल प्लाजा पर चार पहिया तथा भारी वाहनों से लिये जाने वाले टैक्स की राशि भी निर्धारित कर दी गई है। एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर शेखर सिंह ने कहा कि इस टोल प्लाजा पर बक्सर नंबर व आरसी पर बक्सर का पता वाले चार पहिया वाहनों से 330 रुपए का मासिक शुल्क लिया जाएगा। जिसकी वैधता माह के एक तारीख से लेकर 29 तारीख तक होगी। उन्हें 30 तारीख को फिर से रिचार्ज कराना पड़ेगा। जिसमें वाहन चालक 940 बार अप डाउन कर सकेंगे। जबकि दूसरे जिले व राज्य के नंबर वाले वहानों से निर्धारित शुल्क वसूला जाएगा। पास बनवाने के लिए उन्हें आधार कार्ड के साथ आरसी बुक भी लाना होगा। हालांकि पहले दिन टोल प्लाजा पर टोल टैक्स को लेकर वाहन चालकों और टोल प्लाजा के कर्मचारियों के बीच किचकिच होती रही। जिन छोटे चार पहिया वाहनों में फास्टैग नहीं लगा था उनसे 95 रुपए टैक्स के साथ ही 95 रुपए का फाइन वसूला गया।

# मनरेगा कार्यालय में तालाबंदी मामले की बीडीओ ने की जांच

- पूर्व प्रमुख द्वारा चौगाईं के पीओ कार्यालय में तालाबंदी का मामला तूल पकड़ने लगा है
- प्रारंभिक जांच में मीडिया में छपी खबर को बीडीओ ने पाया सही

**केटी न्यूज/चौगाईं**

मंगलवार को पूर्व प्रमुख द्वारा चौगाईं के पीओ कार्यालय में तालाबंदी का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। मीडिया में प्रकाशित खबर के आलोक में संज्ञान लेते हुए डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज ने चौगाईं बीडीओ को इसका जांच कर जांच प्रतिवेदन सौंपने का निर्देश दिया है। एसडीओ के निर्देश पर बीडीओ बुधवार को मनरेगा कार्यालय पहुंच मामले की जांच किए। इस दौरान बीडीओ ने पीओ समेत सभी कर्मियों से बात कर घटना की जानकारी ली और तालाबंदी करने वाले पूर्व प्रमुख अवनीश नारायण यादव से भी पूछताछ की।

बता दें कि मंगलवार को पूर्व प्रमुख द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 में चौगाईं के वार्ड दो में हुए आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण में करीब चार लाख रूपए का भुगतान बाकी था। जिससे नाराज पूर्व प्रमुख ने करीब ढाई से तीन घंटे तक कार्यालय में ताला बंद कर पीओ समेत आधा दर्जन कर्मियों को बंधक बनाया था। प्रारंभिक जांच में बीडीओ ने इस घटना को सही पाया और कहा कि पूर्व प्रमुख द्वारा मनरेगा कार्यालय में तालाबंद किया गया था। हालांकि उन्होंने जांच में क्या सामने आया यह बताने से इंकार करते हुए कहा कि जांच रिपोर्ट एसडीओ को सौपी जाएगी। इसके बाद ही कार्रवाई होगी।

वहीं मनरेगा पीओ विजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि जिस आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण की राशि की मांग पूर्व प्रमुख द्वारा की जा रही है उसका फाइल वे खुद रखे है तथा काम भी मास्टर रौल के अनुसार नहीं हुआ है। जबकि पूर्व प्रमुख ने कहा कि मानक के अनुरूप काम करवाया गया है। कमीशन के खेल में उनके लंबित राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें जांच पर भरोसा है। जांच के बाद पीओ की कलई खुल जाएगी।

### क्या कहते हैं बीडीओ

एसडीओ के निर्देश पर मनरेगा कार्यालय में मंगलवार को पूर्व प्रमुख द्वारा किए गए तालाबंदी की घटना की जांच की गई। इस दौरान दोनों पक्षों से पूछताछ कर जानकारी ली गई है। जांच प्रतिवेदन एसडीओ को सौंपा जाएगा। वही से कार्रवाई होगी।

**- तेज बहादूर सुमन, बीडीओ, चौगाईं**

# पति की मौत को साल लगे, पर विधवा को नहीं मिला मुआवजा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

एक साल पहले कोरानसराय में एक तेज रफ्तार ट्रक के रौंदने से अजय कुमार साह नामक युवक की दर्दनाक मौत हो गई थी। तब ग्रामीणों ने आक्रोश स्वरूप सड़क जाम किया था। बीडीओ ने तब उचित मुआबजा का आश्वासन दिया था। घटना के दिन तत्काल पारिवारिक अनुदान योजना के तहत 20 हजार रूपए का चेक दिया गया था। लेकिन एक साल बाद भी आश्वासन के अलावे मृतक की विधवा हेमा को कुछ भी नहीं मिला है। सड़क दुर्घटना के बाद परिवहन योजना के तहत मिलने वाले पांच लाख की मुआबजा की बात तो दूर उस विधवा को कबीर अंत्येष्टि का लाभ भी नहीं मिल सका हैं। जबकि वह कई बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा चुकी है। इतना ही नहीं वह अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए डीएम के जनता दरबार में भी गई थी तथा राजपुर विधायक विश्वनाथ राम से भी गुहार लगा चुकी है। लेकिन किसी भी स्तर से उसे आश्वासन के सिवा कुछ भी नहीं मिला है। जिसके बाद अब विधवा की हिम्मत टूट गई है।

# नया भोजपुर सब्जी मंडी के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी वृद्ध की इलाज के दौरान मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बुधवार की सुबह एनएच 922 पर नया भोजपुर सब्जी मंडी के पास सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध गंभीर रूप से जख्मी हो गया। खून से लथपथ वृद्ध को आस पास में मौजूद लोगों द्वारा इलाज के लिए आनन फानन में डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान उसके परिजनों को भी सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन दौड़े भागे अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। हालांकि प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

**डुमरांव के शक्ति द्वार रोड का रहनेवाला था वृद्धः** मृतक सिद्धनाथ महतों उम्र 74 वर्ष डुमरांव के शक्ति द्वार रोड के निवासी थे। जानकारी के अनुसार वे सुबह में किसी प्रत्याशी के नामांकन जुलूश में शामिल होने के लिए नया भोजपुर गए थे। वहीं पर सुबह करीब 9 बजे सब्जी मार्केट के पास एनएच 922 को क्रॉस करने के दौरान किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। दुर्घटना के बाद वे खून से लथपथ हो गए थे तथा उन्हें गंभीर चोटें आई थी। जानकारी के अनुसार मृतक पहले सब्जी बेच अपनी आजीविका चलाता था। उसके तीन बेटों में बड़ा बेटा कमलेश महतो दिल्ली में किसी निजी कंपनी में कामगर है। जबकि दो अन्य बेटे राजेश व संतोष डुमरांव चौक पर सब्जी की दुकान चलाते है। इस घटना के बाद पूरा परिवार टूट गया है। हालांकि परिजनों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

## स्वास्थ्य एवं पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

# मरीजों की सुविधा के लिए सदर अस्पताल में बनाए गए चार रजिस्ट्रेशन काउंटर

**केटी न्यूज/बक्सर**



बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बुधवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही स्वास्थ्य अधिकारियों को जिले के अस्पताल में बेहतर सुविधा को लेकर निर्देश दिया। जांच के बाद सदर अस्पताल की व्यवस्थाओं पर उन्होंने संतुष्टी जताई। उन्होंने निरीक्षण के बाद कहा कि बक्सर की टीम अच्छा काम कर रही है।

उन्होंने रजिस्ट्रेशन काउंटर एवं दवा वितरण काउंटर का निरीक्षण किया। जहां मरीजों की संख्या व भीड़ को देखते हुए चार रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाने का निर्देश दिया। इस निर्देश के तुरंत बाद वहां चार रजिस्ट्रेशन काउंटर शुरू कर दिया गया। इसके साथ ही दवा वितरण काउंटर पर कार्य कर रहे ऑपरेटर के पास पहुंच अपर मुख्य सचिव ने 1 मई से शुरू हुए भव्या पोर्टल की जानकारी ली। उन्होंने ऑपरेटर के पास बैठकर पोर्टल पर कार्य करने की विधिवत जानकारी ली। इसे प्रैक्टिकली ऑपरेटर से इंट्री एवं रजिस्ट्रेशन कराकर देखा। वहीं उसके संचालन की जानकारी ली. वहीं उन्होंने दवा वितरण केंद्र को गेट के पास से अस्पताल के पिछले भाग में बने केंद्र में शिफ्ट करने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल के सभी वार्डों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही कमियों को दुरूस्त करने का निर्देश दिया।

वहीं वर्ल्ड हाईपरटेंशन डे दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मानव संसाधन एवं डॉक्टर की कमियों को लेकर भी चर्चा की। वहीं कई आवश्यक जगहों पर कूलर भी लगाने का निर्देश दिया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के ईडी संजय कुमार, जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल, बिहार राज्य एड्स नियंत्रण सोसाईटी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अलंकृता पांडेय, सिविल सर्जन सुरेश चंद्र सिंहा, डीपीएम मनीष कुमार, अस्पताल प्रबंधक दुष्यंत कुमार के साथ ही अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सदर विधायक ने अपर मुख्य सचिव को सौंपा मांगपत्र

स्वास्थ्य एवं पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत को बक्सर सदर विधायक संजय तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने एक मांग पत्र सौंपा। इसमें उन्होंने अस्पताल में बंद पड़े अल्ट्रासाउंड मशीन को शुरू करने की मांग की। इस पर अपर मुख्य सचिव ने सिविल सर्जन को इसे जल्द शुरू करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि सदर अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट, एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ के अभाव में बेहतर चिकित्सकीय सुविधा लोगों को नहीं मिल पा रही है। वहीं ज्योति चौक से बक्सर गोलंबर बाईपास रोड, बड़ी मस्जिद से सेंट्रल जेल तक, तड़का नाला पुल से गंगा ब्रिज पथ पीपी रोड के चौड़ीकरण के लिए विभाग में लंबित प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई।

## एक नजर

### केसठ पीएचसी में पल्स पोलियो अभियान को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**केसठ।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केसठ में बुधवार को पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का नेतृत्व पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने किया। वहीं प्रशिक्षण में प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा भी उपस्थित रहे। बतौर प्रशिक्षक के रूप में मौजूद डब्ल्यूएचओ एसएमओ,पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आदि ने आशा कार्यकताओं और सुपरवाइजर को पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने को लेकर आवश्यक जानकारी दी। 28 मई से शुरू होनेवाले पल्स पोलियो अभियान की सफलता को लेकर पीएचसी परिसर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में सभी आशा कार्यकर्ता और आशा उत्प्रेरकों को शून्य से 5 वर्ष के बच्चों को दवा पिलाने का प्रशिक्षण दिया गया कहा गया। प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में एक भी बच्चा छूट ना पाये इसके लिए घर घर जाकर पोलियो की खुराक बच्चों को पिलाना अनिवार्य है। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक सुशील कुमार, डॉ अयोध्या प्रसाद, विनोद, विक्की, पप्पू कुमार के अलावे अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आशा एवं एएनएम कार्यकर्तो को दिया गया प्रशिक्षण

**केसठ।** राष्टीय यक्ष्मा कार्यक्रम के तहत जिले में टीबी रोग को कम करने के लिए सरकार अब घर-घर में मरीज ढूंढेगी। इसके लिए आशा कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पहले चरण में केसठ क्षेत्र को चिह्नित किया गया है। टीबी रोग को रोकने के लिए सरकार द्वारा काफी प्रयास किए गए हैं, लेकिन यह पूरी तरह से रूक नहीं पा रहा है। केसठ में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान के तहत पीएचसी में आशा कार्यकताओं को बुधवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय ने घर-घर से क्षय रोगियों की पहचान करने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कई लोगों को पता नहीं होता है कि वह टीबी के लक्षण से पीड़ित है। वह जानकारी के अभाव में या अन्य कारणों से उपचार के लिए चिकित्सालय नहीं आ पाते हैं। ऐसे लोगों को घर-घर जाकर चेक करना होगा। परिजनों से लंबे समय से खांसी, बुखार जैसे लक्षण वाले लोगों की जानकारी लेनी होगी। किसी घर में ऐसे लक्षण मिलने पर उनका मौके पर ही आशा कार्यकताओं द्वारा बलगम का सैंपल लिया जाएगा। सेंपल की जांच निशुल्क संयुक्त चिकित्सालय में कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उसे चिकित्सालय से दवाई देकर उसका उपचार शुरू किया जाएगा।वही यक्ष्मा मरीज को पोषण आहार के लिए 500 रुपए की राशि 6 माह तक सरकार देती है।

### बन्नी में वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण शुरू

**राजपुर।** बुधवार को बन्नी पंचायत में कचरा प्रबंधन इकाई का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी तथा मनरेगा जेई मोहम्मद खलील के द्वारा बन्नी के उत्तर बधार में भूमि का सीमांकन कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। मौके पर पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रह्लाद राम, मुखिया प्रतिनिधि मीर बिस्मिल्लाह के आलावे में कई अन्य कर्मी मौजूद थे। बीडीओ ने लोगों को स्वच्छता अभियान में शामिल हो अपने गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करने की अपील की।

# डुमरांव में नामांकन के अंतिम दिन तीन पदों के लिए 51 उम्मीदवारों ने भरा नामांकन का पर्चा


नामांकन कर अपने समर्थकों के साथ बाहर निकलती वार्ड 18 की पार्षद सदस्य उम्मीद्वार सुशीला ठाकुर।

## ■ पुलिस की रही कड़ी मुश्तैदी, तीसरी आंख से होती रही निगरानी

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव नगर परिषद चुनाव के लिए बुधवार को नामांकन के अंतिम दिन अनुमंडल मुख्यालय में तीन पदों के लिए 51 उम्मीद्वारों ने अपना नामांकन का पर्चा दाखिल किया, जिसमें चेयरमैन पद के लिए 2, उपचेयरमैन पद के लिए 3 और वार्ड पार्षद पद के लिए 46 उम्मीद्वारों ने अपना नामांकन फार्म जमा किया है। चेयरमैन के लिए डुमरांव जंगल बाजार रोड निवासी तथा पूर्व चेयरमैन कमलेश प्रसाद तुरहा की पत्नी आशा देवी और जंगल बाजार निवासी प्रतिमा देवी ने अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं उपचेयरमैन के लिए बंधन पटवा रोड की रहने वाली शाबरा खातुन, कुंज बिहारी गली डुमरांव निवासी मो० सोएब और जंगल बाजार निवासी कमल प्रसाद ने अपना नामांकन का पर्चा दाखिल किया। उसी तरह नप क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से 46 उम्मीद्वारों ने वार्ड पार्षद पद के लिए अपना पर्चा दाखिल किया है। अंतिम दिन नामांकन को लेकर अनुमंडल परिसर में गहमागहमी का माहौल बना हुआ था। नामांकन के लिए प्रशासन उम्मीद्वार के साथ प्रस्तावक और एक समर्थक को ही अंदर जाने की अनुमति दे रहा था। तीसरी आंख से कड़ी निगरानी की जा रही थी। जगह-जगह मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल के जवान तैनात किये गये थे। निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीएम कुमार पंकज ने बताया कि कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। गड़बड़ी करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नही जायेगा।

### अब तक मैदान में आए चेयरमैन के कुल 17 प्रत्याशी

इस चुनावी मैदान में नामांकन के अंतिम दिन चेयरमैन पद के लिए कुल 17 उम्मीद्वार मैदान में आ चुके है। वही उप चेयरमैन के लिए 19 तथा नगर परिषद के 35 वार्डों के लिए 251 वार्ड पार्षद पद के प्रत्याशियों ने नामजदगी का पर्चा भरा है। स्कूटनी व नाम वापसी के बाद ही अंतिम रूप से चुनावी मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों की सूची जारी होगी। निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ कुमार पंकज ने बताया कि नाम वापसी के बाद अंतिम रूप से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। जिसमें सबसे ज्यादा चर्चित प्रत्याशी पूर्व उप चेयरमैन ब्रह्मा ठाकुर की पत्नी व पूर्व वार्ड पार्षद स्व. शारदा देवी की बहू सुशीला ठाकुर ने वार्ड नंबर 18 से नामांकन किया। जो अभी वार्ड 2 से वार्ड पार्षद हैं।

### कहते है एसडीएम



डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज ने बताया कि 9-17 मई तक चले नमांकन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। जिसमें कुल तीनों पदों के लिए 287 प्रत्याशी चुनावी मैदान के लिए पर्चा भरे है। स्कूटनी के बाद व नमांकन वापसी के बाद ही पता चलेगा कि कितने प्रत्याशी मैदान में बचते है।

### नप चुनाव हाईलाइट्स

- डुमरांव की पहली चेयरवुमैन बनी थी मीरा देवी
- डुमरांव में पहली बार 70010 वोटर चुनेगें चेयरमैन और उप चेयरमैन
- महिला 32,900 पुरूष 37, 108 थर्ड जेंडर 02 मतदाता करेंगे 9 जून 2023 को मतदान
- 35 वार्डों वाले शहर में बनेंगे 85 मतदान केंद्र
- सबसे मतदाताओं की संख्या वार्ड संख्या 22 में है 3405,
- सबसे कम वार्ड संख्या 12 में मतदाता की संख्या है 745
- पहली बार दो पंचायत के जुड़ा नगर परिषद में छतनवार पंचायत के कुछ गांव भी हुए शामिल
- पहली बाद नगर परिषद में शामिल हुए 12 गांव के मतदाता
- चुनाव में खर्च कर सकते है चेयरमैन 7 लाख व पार्षद प्रत्याशी 40 हजार


डुमरांव नप चेयरमैन मिक्की सैनी व डॉ.एसके सैनी


वार्ड 6 की पूर्व पार्षद आशा देवी चेयरमैन पद की नामांकन के बाद समर्थकों के साथ


नामांकन कर वाहर निकलती पूर्व उप चेयरमैन उषा सिंह

## चुनावी चकल्लस

# चाचा ध्यान राखब, हम ना हमार 'उ' चुनाव लड़तारी...



## ■ महिला प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार की कमान संभाल रहे है पुरूष

## ■ आरक्षण के बावजूद पर्दे पर नहीं आ रही है आधी आबादी, चुनाव जीतने पर भी प्रतिनिधि करते है सारा काम

रजनी कांत दूबे/डुमरांव

चाचा ध्यान राखब, हम ना हमार ह्लउह्ल चुनाव लड़तारी, का करब महिले के आरक्षण रहे, एही से हम न लड़ पइनी हा..., कुछ इस तरह के अल्फांज आजकल शहर के विभिन्न गली मोहल्लों में सुनने को मिलने लगे है।

दरअसल निकाय चुनाव में आधी आबाद के लिए आधी सीटे रिजर्व है। मुख्य पार्षद का पद भी आधी आबादी के जिम्में ही है। लेकिन नामांकन करने वाली महिला प्रत्याशी सिर्फ नाम की ही उम्मीद्वारी कर रही है। बल्कि उनके चुनाव प्रबंधन की सारी जिम्मेवारी उनक पति तथा परिवार के अन्य पुरूष सदस्य ही उठा रहे है। चुनाव प्रचार हो या फिर नामांकन में भीड़ जुटाने का जिम्मा, सबकुछ पुरूष ही तय कर रहे है।

अपने पत्नी तथा परिवार की किसी अन्य महिला प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में निकले लोग यह हवाला दे रहे है कि आरक्षण रोस्टर के कारण उन्हें सीधे चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिला पाया है। वे आम जनता को आश्वस्त भी कर रहे है कि चुनाव बाद वे ही सारी जिम्मेवारियों का निवर्हन करेंगे। अधिकांश महिला प्रत्याशी नामांकन के बाद से ही घरों में बैठी है। कुछ अपने आस पड़ोस में घुम जरूर वोट मांग ले रही है। लेकिन, मोहल्ले से बाहर शायद ही कोई महिला प्रत्याशी जाकर खम ठोकती नजर आ रही है। दिलचस्प तो ये है कि हैंडबिल व पोस्टर पर भी महिला प्रत्याशी की अपेक्षा उनके परिवार के पुरूष सदस्य की फोटो या नाम ही प्रमुखता से छपा मिल रहा है।

चुनाव जीतने के बाद भी पुरूष ही निपटाते है महिला प्रत्याशियों के काम

ऐसा नहीं कि महिला प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार अभियान तक ही पुरूषों की भूमिका सिमीत है। बल्कि चुनाव जीतने के बाद भी पुरूष सदस्य ही उनके सारे कामों को निष्पादित करते है। महिला प्रतिनिधि सिर्फ नाम की ही प्रतिनिधि मात्र बनकर रह जाती है। कई बार तो बोर्ड या समिति की बैठक में भी उनके प्रतिनिधि ही शामिल होते है। पिछले कुछ वर्षों में यह देखने को भी मिला है। बता दें कि अभी डुमरांव नगर परिषद की निवर्तमान मुख्य पार्षद रही भागमनी देवी के प्रतिनिध सह पुत्र दीपक तिवारी उनका सारा काम देखते थे। वही पूर्व मुख्य पार्षद विभा मिश्रा के प्रतिनिधि उनके पति मोहन मिश्र थे। वही कई अन्य महिला पार्षदों के बजाए उनके प्रतिनिधि ही सारा काम काज निपटाते देखे जाते है। नगर निकायों के साथ ही पंचायतों में भी ऐसा ही देखने को मिलता है, वहा भी महिला प्रत्याशी या प्रतिनिधि सिंबल मात्र बनकर रह जाती है।

### स्वावलंबी बनाने के लिए ही दिया गया है आरक्षण

बता दें कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए ही पंचायत या निकाय चुनावों में 50 प्रतिशत तक आरक्षण दिया गया है। इसके पीछे मुख्य उदेश्य है कि महिला प्रतिनिधि अपने क्षेत्र में खुलकर जाए तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दें। लेकिन सरकार के लाख प्रयास के बावजूद महिला प्रतिनिधि घुंघट की ओट से बाहर नहीं निकल पा रही है।


चेयरमैन प्रत्याशी के सुनीता देवी के नमांकन में उमड़ा जनसैलाब


नामांकन के समर्थकों के साथ बाहर निकलती प्रत्याशी सुनीता देवी


प्रत्याशी समर्थकों को कैम्पस से बाहर निकालते डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी


उप चेयरमैन प्रत्याशी को नामांकन आवेदन लेते एसडीएम प्रमोद कुमार


भीड़ को रोकते पुलिस के जवान


नमांकन करने गए प्रत्याशी का इंतजार करते समर्थक


नप चुनाव की गाइड लाईन की जानकारी देते एसडीएम कुमार पंकज व एसडीपीओ अफाक अंसारी


उपचेयरमैन प्रत्याशी के रूप में नामांकन के बाद कमल चौरसिया

## इंसाइड स्टोरी

# 156 साल पुराना रहा है डुमरांव नगर परिषद का इतिहास



केटीन्यूज/ डुमरांव

नगरपालिकाओं में डुमरांव नपा का अति प्राचीन इतिहास है। नगरपालिका की स्थापना वर्ष 1868 में ब्रिटिश हुकूमत में हुई थी। इंग्लैंड के संविधान के तहत स्थापित नगरपालिका में चेयरमैन की नियुक्ति बिहार, बंगाल, ओडिसा का प्रधान कार्यालय कलकत्ता प्रेसीडेंसी करता था। ब्रिटिश हुकूमत नगरपालिका के संचालन की जिम्मेवारी सिपहसलारों को सौंपा करता था।

डुमरांव निकायों के मद्देनजर विकास की शुरूआत वर्ष 1950 में बिहार ओडिसा नगरपालिका अधिनियम बनाये जाने के बाद हुई। पहली बार इस अधिनियम के तहत 12 वर्ष के युवा व युवतियों को मतदान करने का अधिकार मिला। 1868 में स्थापित डुमरांव नगरपालिका को पहली बार वार्ड का गठन 1952 में किया गया। जिसे दो वार्डो में बांटा गया एक वार्ड चार सदस्यीय होता था। दस सदस्यीय बोर्ड के गठन में आठ निर्वाचित सदस्य और दो सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य होते थे। उस जमाने में स्थानीय स्वतंत्र सेनानियों में कुमारी बाबा, रामनरेश सिंह यादव तथा जवाहरलाल श्रीवास्तव निर्वाचित सदस्य चुने गए थे। नगरपालिका बोर्ड गठन में महज एक चेयरमैन एवं एक वाईस चेयरमैन हुआ करता था। ब्रिटिश शासन ने स्वशासन का अधिकार तो दिया था लेकिन मतदान का अधिकार नहीं दिया था। वस्तुतरू चेयरमैन से जुड़े लोग बनते थे। यह सिलसिला वर्ष 1947 तक चलता रहा।

## खबरें फटाफट

### स्टेशन पर अधेड़ की मौत

**बलिया।** फेफना रेलवे स्टेशन पर नगवां गांव निवासी एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार की दोपहर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार दुबहड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नगवां गांव निवासी रमेश राजभर 50 पुत्र रामाशंकर राजभर फेफना रेलवे स्टेशन पर रहकर लेबर का काम करता था।रोज की तरह वह बुधवार को घर से गया हुआ था। वह काम कर रहा था कि अचानक रमेश को प्यास लगी तो वह पानी पीने चला गया। पानी पीने के बाद उसकी तबियत अचानक बिगड़ गई, काम कर रहे दूसरे मजदूरों ने उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई।

### हाई सिक्योरिटी वाले नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य

मऊ। परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन ने बताया कि समस्त वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि समस्त प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट का लगाया जाना अनिवार्य है। पूर्व में भी हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाये जाने की अन्तिम तिथि शासन द्वारा दिनांक 15 फरवरी 2022 तक नियत की गयी थी, जिसे समाप्त हुए एक वर्ष से अधिक का समय व्यतीत हो चुका है। परन्तु अभी भी व्यवसायिक एवं निजी वाहन बगैर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाये संचालित किये जा रहे हैं, जो शासन के मंशा के विपरीत है तथा निर्धारित नियमों का उल्लंघन है। पुनः समस्त वाहन स्वामियों को निर्देशित किया जाता है कि अपने अपने वाहनों जैसे - व्यवसायिक एवं निजी वाहनों में अनिवार्य रूप से हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट अनिवार्य रूप से लगवा लें।

### शॉर्ट सर्किट से कबाड़ की दुकान में लगी आग

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर स्थित बाईपास के निकट शॉर्ट सर्किट से बुधवार को कबाड़ी की दुकान में भीषण आग लग गई, जिससे लगभग पांच लाख रुपए के सामान जलकर खाक हो गए। जानकारी होने पर कुछ समय के पश्चात पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने बड़े ही मशक्कत के बाद आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखों के कबाड़ जल चुका था। जानकारी के मुताबिक बृजेश गुप्ता नगर पंचायत के सैदपुर संगतजी मोहल्ले का निवासी है। जिसकी जमालपुर पोखरा मोहल्ले के मोहम्मदाबाद गोहना मऊ मुख्य मार्ग पर कबाड़े की दुकान की गोदाम है। जहां शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई, जहां देखते ही देखते लाखों का सामान जलकर खाक हो गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलभ न्याय प्राप्त कर सकते हैं लोगः अपर न्यायाधीश

- ❐ राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहन रवाना
- ❐ 21 मई को जिला व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**केटी न्यूज/बलिया**



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के तत्वावधान में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 21 मई दिन रविवार को किया जाना है। जिसके व्यापक प्रचार-प्रसार और जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिये माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया श्री अशोक कुमार द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व एवं उपयोगिता और कार्य पारदर्शिता और व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु एक प्रचार वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिसका संचालन नरेन्द्र पाल राणा जनपद अपर न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के द्वारा किया गया।

उक्त प्रचार वैन का उद्देश्य जन-जन तक राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व को बताना है तथा जनसामान्य को यह बताना है कि वह अपने सभी प्रकार के मामलों, जो जुमार्ने से दण्डनीय हो, अथवा पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, बिजली के मामलें, टेलीफोन बिल के मामलें, टेक्स के मामले, चेक बाउंस के मामलें, सुलह योग्य फौजदारी मामलें, इत्यादि का पूर्ण और प्रभावी समाधान प्राप्त कर सकते है। राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित किये गये मामले की कोई अपील नहीं की जाती। आपके खर्चे भी कम आते है और समाधान का प्रभाव वैसा ही होता है जैसा न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय का प्रभाव होता है। अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में लगाकर, सस्ता व सुलभ न्याय प्राप्त कर सकते है। उक्त कार्यक्रम के दौरान हुसैन अहमद अंसारी अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं-3/नोडल अधिकारी (लोक अदालत), मनीषा विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट), महेश चन्द्र वर्मा अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं-04, देवेन्द्र नाथ सिंह अपर जनपद न्यायाधीश (पाक्सोएक्ट) कोर्ट सं-10, राहुल दुबे अपर जनपद न्यायाधीश, श्री हरिश चन्द्र अपर जनपद न्यायाधीश, सुरेन्द्र प्रसाद अपर जनपद न्यायाधीश, शाम्भवी यादव मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सर्वेश कुमार मिश्र सिविल जज (सीडि), श्रीमती तपस्या त्रिपाठी अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम, श्रीमती कविता कुमारी सिविल जज (जूडि) पूर्वी, विराट मणि त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, चन्दन सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय, बार के अध्यक्षगण, अधिवक्तागण, ट्रेफिक इंस्पेक्टर श्री राकेश कुमार सिंह, समस्त कर्मचारीगण, समस्त पैरालीगल वालेन्टियर्स, वादकारीगण व अन्य लोग भी उपस्थित रहें।

### कर वसूली में वाणिज्यकर, परिवहन, खनन, विद्युत व मंडी के खराब प्रदर्शन पर नाराजगी

# सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों को चिन्हित कर दर्ज कराएं प्राथमिकी: डीएम

- ■ डीएम ने दी चेतावनी... किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य नहीं
- ■ राजस्व विभाग के अधिकारियों को हर माह बैठक करने का निर्देश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जिलाधिकारी ने तालाब, खेल मैदान, चारागाह, एवं ग्राम सभा की भूमि को प्राथमिकता के तौर पर चिन्हित करते हुए उस पर भू-माफियाओं के द्वारा किए गए अवैध कब्जा को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एंव मासिक स्टाफ बैठक रायफल क्लब सभागार सम्पन्न हुआ। जिसमें जिलाधिकारी ने परिवहन, वन विभाग, स्टाम्प, नगर पालिका, आडिट आपत्ति, चकबन्दी, व्यापार कर, विद्युत देय, आबकारी, अंश निर्धारण, मोटर देय, आईजीआरएस के संबंध में विस्तार पूर्वक समीक्षा की।

बैठक में समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर, परिवहन, खनन, विद्युत, मण्डी, की मासिक लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए वसूली मे प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने आईजीआरएस की समीक्षा के दौरान सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी शिकायत का निस्तारण निश्चित समयान्तराल में किया जाये अन्यथा निस्तारण न होने के कारण डिफाल्टर होने पर सम्बन्धित अधिकारी जिम्मेदार होगे ।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए उन्हें निर्देश दिया कि राजस्व प्राप्ति के संबंध में जो विभाग कार्य कर रहे हैं उनके द्वारा अपने-अपने लक्ष्य को प्रत्येक माह उसे पूर्ण कर अंतिम रूप प्रदान किया जाए। ताकि सभी विभागों में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य पूर्ण किए जा सकें।

**प्रत्येक माह कार्य योजना बनाकर लक्ष्य को पूरा करें :** जिलाधिकारी ने कम राजस्व वसूली वाले विभागो के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को अपने लक्ष्य के प्रति प्रत्येक माह कार्य योजना बनाकर मूर्त रूप प्रदान किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी उनके विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं संबंधित विभागीय अधिकारी की होगी। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने मासिक स्टाफ बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में लंबित प्रकरण एवं विवादित प्रकरण, दाखिल खारिज, विवादित वादों का निस्तारण करने को कहा। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारी को मत्स्य पालन पट्टे का सत्यापन कराने तथा तहसील अन्तर्गत ग्रामों में एक अभियान चलाकर वरासत दर्ज कराने का निर्देश दिया जिसमें लेखपाल गांव गांव में जाकर एक पखवाड़ा के तहत वरासत दर्ज कराएंगे।

### तत्परता दिखाते हुए कार्यों का करें संपादन

जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व कार्यों में सभी अधिकारियों द्वारा सरकार की मंशा के अनुरूप चलाए जा रहे। प्रत्येक कार्यक्रम में तत्परता दिखाते हुए कार्यों का संपादन किया जाना सुनिश्चित करें। ताकि सरकार की राजस्व योजनाओं का लाभ जन सामान्य को आसानी के साथ प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्त अधिकारी राजस्व वसूली का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर करते हुए डिमांड के अनुसार वसूली सुनिश्चित करे। उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण में समीक्षा करते हुए राजस्व वादों के निस्तारण के संबंध में सभी पीठासीन अधिकारियों द्वारा शिकायतो का निस्तारण गुण एवं दोष के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0, अरूण कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं सम्बन्धित अधिकारी एंव पटल सहायक उपस्थित।

## खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन का होगा प्रचार प्रसार

**बलिया।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 के तृतीय संस्करण का आयोजन 25 मई से 5 जून तक प्रदेश लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, गौतमबुद्धनगर एवं दिल्ली में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट स्थित कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मशाल रिले का मुख्य उद्देश्य सम्पूर्ण प्रदेश में खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2023 के आयोजन का सार्वजनिक व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना है। खेलों इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 के अन्तर्गत जनपदवार खेलों का आयोजन किया जाना है। जिसमे लखनऊ में 12 खेलों आर्चरी, जूडो, मलखम, फेन्सिंग, बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, वालीबाल, एथलेटिक्स, हाकी, फुटबाल, टेनिस एवं रग्बी का आयोजन किया जायेगा। गौतमबुद्धनगर में 5 खेलों तैराकी, कबड्डी, बाक्सिंग, बास्केटबाल एवं भारोत्तोलन का आयोजन किया जायेगा। गोरखपुर में रोइंग का आयोजन किया जायेगा। वाराणसी में योगा एवं कुश्ती का आयोजन किया जायेगा। दिल्ली में शूटिंग का आयोजन किया जायेगा। उक्त गेम्स में लगभग 200 यूनिवर्सिटी के 4705 खिलाड़ी तथा आफिसियल्स, वालेन्टियर एवं टेक्निकल स्टाफ सहित लगभग कुल 8000 सदस्य प्रतिभाग करेगें। गेम्स का आयोजन प्रधानमंत्री भारत सरकार की योजना खेलों इण्डिया के अन्तर्गत खेलों इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 के आयोजन का दायित्व उत्तर प्रदेश सरकार को दिया गया है।

## बस्ती में भीषण अग्निकांड, 27 घर जले

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



रेवतीपुर थाना क्षेत्र के आंधी-तिलवां गांव में देर रात यादव बस्ती में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग में नौ परिवारों की 27 रिहायशी झोपडियां जलकर राख हो गई। इसके साथ ही उसमें रखा घर-गृहस्थी का पूरा सामान आग की भेंट चढ़ गया। आग की चपेट में आने से पांच जानवर जल मरे। जबकि दो गंभीर रूप से झुलस गए। आग पर कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह बुधवार की भोर में काबू पाया जा सका। मगर तबतक सबकुछ जलकर राख में तब्दील हो चुका था। आग के चलते पीडित सभी परिवार खुले आसमान के नीचे आ चुके हैं। उधर आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हडकंम्प मच गया। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना के घंटेभर बाद दमकल मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाने में जुट गया। पीड़ितों के मुताबिक इस आग में करीब 5 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है।

भीषण अग्निकांड में तबाह होने वालों में राजिन्द्र यादव की चार झोपड़ी व चार जानवर, नगीना यादव की तीन झोपड़ी और तीन जानवर, बेचू यादव की दो झोपड़ी, लोकनाथ यादव की तीन झोपड़ी, सूर्यनाथ यादव की चार झोपड़ी तथा एक जानवर, रमेश की दो झोपड़ी, भीम यादव की तीन झोपड़ी, शिवनाथ यादव की तीन झोपड़ी जबकि देवमुनी की दो झोपड़ियों आग की भेंट चढ़ गई। इस आग में डीजल इंजन, चारा मशीन, नगदी, जानवरों का चारा, कागजात, कपड़ा, चारपाई आदि सब जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि बस्ती में सभी लोग खाना खा परिजनों के साथ रात में सो रहे थे कि अचानक राजिन्द्र यादव की झोपड़ी से धुआं का गुबार उठा। लोग कुछ समझ पाते इसके पहले ही एक- एक कर झोपडियां आग का गोला बनने लगीं थी। इस आग में जानवरों को निकालते समय नगीना यादव झुलस गया।

## एक नजर

### 11.79 करोड़ से संवरेगा सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन

**बलिया।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वाराणसी मंडल के सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन को भी चयनित किया गया है। सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित कर यात्रियों को अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। अमृत भारत योजना के तहत चयनित वाराणसी मंडल के सभी 15 स्टेशनों को शहर की कला एवं संस्कृति को समाहित करते हुए स्टेशन के स्वरूप को विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही पार्किंग, एप्रोच, प्रकाश व्यवस्था तथा साइनेज में भी सुधार किया जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि अमृत भारत योजना के अन्तर्गत 11.79 करोड़ की लागत से सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित कर अत्याधुनिक बनाया जाएगा। 1.10 करोड़ की लागत से सरकुलेटिंग एरिया, संपर्क मार्ग, पानी की निकासी के साथ पैदल आने जाने वाले यात्रियों के लिए पाथवे का निर्माण कराया जाएगा। 50 लाख से दो, तीन एवं चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग तथा शौचालय का निर्माण किया जाएगा। 15 लाख की लागत से पोर्च का निर्माण होगा। 65 लाख की लागत से मुख्य स्टेशन भवन के स्वरूप का सुंदरीकरण कर और अधिक सुविधाजनक बनाया जाएगा। 3.51 करोड़ की लागत से प्लेटफॉर्म पर शेड विस्तार, सरफेस में सुधार, प्लेटफार्मों पर लो कास्ट पीपी शेड का कार्य भी कराया जाएगा। 19 लाख की लागत से यात्री प्रतीक्षालय में सुधार कर आकर्षक एवं सुविधाजनक बनाया जाएगा। 1.50 करोड़ की लागत से अन्य सौंदर्यीकरण के कराए जाएंगे। 1.12 करोड़ की लागत से 50 हजार गैलन क्षमता की पानी की टंकी का निर्माण किया जाएगा। 81 लाख की लागत से ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, डिजिटल क्लॉक, ऑटो एनाउंसमेंट एवं अनारक्षित एवं आरक्षित टिकट काउंटरों में सुधार किया जाएगा। 1.72 करोड़ की लागत से स्टेशन पर लिफ्ट, फसाड लाइटिंग, साइनेज, लाइटिंग एवं पंखे की व्यवस्था कराई जाएगी। दो लाख की लागत से स्टेशन परिसर के सुंदरीकरण के लिए पौधरोपण किया जाएगा। कार्यों के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। पूर्ण गुणवत्ता के साथ लक्ष्यावधि मे पूरा किया जाएगा।





### फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में अहम भूमिका निभाएं वालंटियर्स : डीएमओ

**बलिया।** फाइलेरिया रोगियों के क्लस्टर फोरम का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को पंदह ब्लॉक के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंदह पर आयोजित हुआ। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने कहा कि समुदाय में फाइलेरिया रोगी की तरह काम न करके फाइलेरिया वालंटियर्स की तरह काम करें। जिससे परिवार, गाँव व जनपद को फाइलेरिया मुक्त बनाने के प्रयास को सफल बनाया जा सके। साथ ही राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को मजबूती प्रदान की जा सके। उन्होंने फाइलेरिया के लक्षणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि यदि ज्यादा दिनों तक बुखार रहे, पुरुष के जननांग में या महिलाओं के स्तन में दर्द या सूजन रहे और खुजली हो, हाथ-पैर में भी सूजन या दर्द रहे तो यह फाइलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में शीघ्र स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक से संपर्क कर जाँच कराएँ और चिकित्सक की सलाह के अनुसार ही आवश्यक दवा का नियमित रूप से सेवन करें। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया से बचना है तो घर और आस-पास सफाई रखना जरूरी है। पानी का जल जमाव न होने दें, ठहरे पानी पर कैरोसीन तेल छिड़ककर मच्छरों को पनपने से रोकें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। पाथ संस्था के रीजनल एनटीडी अधिकारी (आरएनटीडीओ) डॉ अबू कलीम ने फाइलेरिया रोग व उसके प्रबंधन पर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। सीफार संस्था के स्टेट प्रोग्राम मैनेजर (एलएफ/वीएल) डॉ सतीश कुमार पाण्डेय ने संचार कौशल की जानकारी देते हुये लोगों को जागरूक करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जानकारी देते समय संदेश स्पष्ट होनी चाहिए। सीफार संस्था के स्टेट प्रोग्राम मैनेजर (एलएफ/वीएल) डॉ सतीश कुमार पाण्डेय ने संचार कौशल की जानकारी देते हुये लोगों को जागरूक करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जानकारी देते समय संदेश स्पष्ट होनी चाहिए।



### मनरेगा कार्यों में धांधली की शिकायत पर लोकपाल ने किया स्थलीय निरीक्षण

**मऊ।** विकासखंड फतेहपुर मंडाव के ग्रामसभा गुरुम्हा के निवासी अशोक कुमार मल्ल पुत्र रामनाथ मल्ल ने ग्रामप्रधान अनिल राजभर के द्वारा मनरेगा कार्यों में अनियमितता किए जाने की लगभग 8 बिंदुओं की शिकायत लोकपाल कार्यालय को किया था जिसके क्रम में लोकपाल विनीता पांडेय ने फतेहपुर मंडाव ब्लॉक के सहयोगी कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर एक- एक कर सभी बिंदुओं पर गहनता से निरीक्षण किया ' संबंधित कार्यों पर किए गए मनरेगा मजदूरों एवं ग्राम वासियों का बयान लिया गया। शिकायती बिंदुओं में दो अमृत सरोवर, दो निजी पोखरी, दो इंटरलॉकिंग एवं पशु सेड की शिकायत की गई थी। कुछ अभिलेख ही मौके पर प्राप्त कराए गए शेष अभिलेखों के लिए अति शीघ्र कार्यालय को प्राप्त कराने हेतु निर्देशित किया गया तथा ग्राम वासियों से निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन देते हुए संबंधित को चेताया कि मनरेगा योजना ग्रामीण विकास एवं ग्रामीण श्रमिकों को लाभ पहुंचाने के लिए है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी।



### महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक कदम

# प्रेरणा कैंटीन के माध्यम से वादकारियों को मिलेगा स्वच्छ जलपान



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह के माध्यम से वादकारियों को स्वच्छ जलपान उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से प्रेरणा कैंटीन का शुभारम्भ बुधवार को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के कर कमलों द्वारा फीता काट कर किया गया। कैंटीन का संचालन कंचन चौहान, अध्यक्ष शिवशक्ति स्वयं सहायता समूह ग्राम-शिव सिंह चक विकास खण्ड देवकली द्वारा किया जायेगा। शुभारंभ के बाद डीएम द्वारा बताया गया कि महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने की दिशा में यह एक कदम है। प्रेरणा कैंटीन के खुलने से जहां वादकारियों को स्वच्छ जलपान उपलब्ध होगा वहीं समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी। इस अवसर पर उपस्थित गोपाल कृष्ण चौधरी, उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा बताया गया कि जनपद में मुख्यालय स्तर पर विकास भवन, जिला अस्पताल एवं कलेक्ट्रेट परिसर में एवं कुल 09 विकास खण्ड मुख्यालय व 09 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर समूहों के माध्यम से प्रेरणा कैंटीन का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। प्रेरणा कैंटीन के माध्यम से समूहों को काफी लाभ भी मिल रहा है जिससे समूह कि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है। इस अवसर प्रतिमा मिश्रा उपजिलाधिकारी सदर, जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अखिलेश जायसवाल एवं समस्त जिला मिशन प्रबंधक, ब्लाक मिशन प्रबंधक सदर व देवकली एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत चलाया जा रहा अभियान

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें डीएम ने किसानों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। डीएम ने एक-एक किसानों की समस्याओं को सुना, उसके उपरान्त किसानों के किसी भी समस्या पर तत्काल निस्तारण करने का निर्देश संबन्धित अधिकारी को दिया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के अन्तर्गत 22 मई से 10 जून तक ग्रामों एवं पंचायतो में कैम्प के माध्यम से अभियान चलाकर इस योजना का अधिक से अधिक किसानों को लाभ दिया जाए। किसानों द्वारा बताया गया कि विकास खंड रेवतीपुर के सहायक विकास अधिकारी द्वारा सरकार की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर सही ढ़ग से जानाकरी नहीं दिए जाने एवं कार्यो में रूची न लेने की शिकायत की। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि इस शिकायत की जॉच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। सिंचाई विभाग के अभियन्ता को निर्देश दिया कि नहरों में समय-समय पर पानी की आपूर्ति की जाए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, साथ ही एआर-कापरेटिव को निर्देशित किया कि सभी समितियों पर उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए सभी सचिवों को रोस्टर के अनुसार खाद का वितरण कराएं।